# राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com


पत्रांकः आर0एम0पी0यू0 /1395/ 2026

दिनांकः 21 अगस्त,2026

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त संबद्ध महाविद्यालय
राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़।

**विषयः राष्ट्रीय खेल दिवस–2026 के अवसर पर खेल एवं फिटनेस गतिविधियों के आयोजन के संबंध में।**

**महोदय / महोदया,**

उपर्युक्त विषयक राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र दिनांक 19 अगस्त, 2026 के क्रम में अवगत कराना है कि महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में तथा भारत की समृद्ध खेल विरासत का उत्सव मनाने हेतु प्रतिवर्ष 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया जाता है। देश को स्वस्थ, जीवंत एवं सक्रिय बनाए रखने के लिए खेलों को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना अत्यंत आवश्यक है। वर्ष 2026 में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार तथा फिट इंडिया अभियान के तत्वावधान में "खेलेगा भारत, जीतेगा भारत" थीम पर दिनांक 28 से 30 अगस्त, 2026 तक तीन दिवसीय राष्ट्रव्यापी अभियान के माध्यम से राष्ट्रीय खेल दिवस–2026 मनाए जाने का प्रस्ताव है। इस वर्ष समारोह का मुख्य केंद्र–बिंदु "एक घंटा खेल के मैदान में" रखा गया है, जिसके अंतर्गत विशेष रूप से युवाओं एवं विद्यार्थियों को कम से कम एक घंटे खेल के मैदान में सक्रिय रूप से भाग लेने हेतु प्रेरित किया जाना है।

अतः माननीय कुलाधिपति महोदया की मंशा एवं उपर्युक्त निर्देशों के अनुपालन में विश्वविद्यालय के समस्त संबद्ध महाविद्यालयों में निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन सुनिश्चित किया जाए:–

1. दिनांक 28, 29 एवं 30 अगस्त, 2026 को छात्र–छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों की कम से कम एक घंटे की सक्रिय खेल सहभागिता सुनिश्चित की जाए।
2. महाविद्यालय परिसर में उपलब्ध खेल सुविधाओं के अनुसार हॉकी, फुटबॉल, एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन, खो–खो, योग एवं अन्य खेल / फिटनेस गतिविधियों का आयोजन किया जाए।
3. "एक घंटा खेल के मैदान में" अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों एवं युवाओं को नियमित खेल एवं शारीरिक गतिविधियों के लिए प्रेरित किया जाए।
4. खेल भावना, स्वास्थ्य, फिटनेस तथा सक्रिय जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु जागरूकता कार्यक्रम, फिटनेस गतिविधियां एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।
5. कार्यक्रम में अधिक से अधिक छात्र–छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए तथा आयोजन को व्यापक जन–अभियान का स्वरूप प्रदान किया जाए।
6. आयोजित कार्यक्रमों की फोटोग्राफ एवं संक्षिप्त रिपोर्ट तैयार कर विश्वविद्यालय के क्रीड़ा परिषद कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि विश्वविद्यालय स्तर पर समेकित रिपोर्ट तैयार की जा सके।

अतः आपसे अपेक्षा है कि राष्ट्रीय खेल दिवस–2026 के इस महत्वपूर्ण राष्ट्रव्यापी अभियान को सफल बनाने हेतु अपने महाविद्यालय में दिनांक 28 से 30 अगस्त, 2026 तक निर्धारित खेल एवं फिटनेस गतिविधियों का प्रभावी ढंग से आयोजन कराना सुनिश्चित करेंगे।

ई–मेलः shahanawazrmpssu@gmail.com

21-8-26

(प्रबुद्ध सिंह)
कुलसचिव

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–**

1. वित्त अधिकारी, राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. प्रो. के. डी. वर्मा, उपाध्यक्ष, क्रीड़ा परिषद के सूचनार्थ।
3. डॉ. शाहनवाज खान, सचिव, क्रीड़ा परिषद के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. निजी सचिव, मा0 कुलपति जी, को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
5. गार्ड फाइल।

कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner

ई–मेल द्वारा

राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश
लखनऊ–226027
संख्याःई–5640/32–जी.एस./2026(5)
दिनांकः 19 अगस्त, 2026

प्रेषकः

श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी,
(अपर मुख्य सचिव स्तर), उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

कुलपति/निदेशक,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय/संस्थान,
**उत्तर प्रदेश।**

विषयः 'राष्ट्रीय खेल दिवस 2026' के अवसर पर राज्य विश्वविद्यालयों/संस्थानों में खेल एवं फिटनेस गतिविधियों के आयोजन के संबंध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक मंत्री, श्रम एवं रोजगार युवा कार्यक्रम एवं खेल, मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र दिनांक 12.08.2026(छायाप्रति संलग्न) के संदर्भ में अवगत कराना है कि महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में तथा भारत की समृद्ध खेल विरासत का उत्सव मनाने हेतु प्रतिवर्ष दिनांक 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया जाता है। देश को स्वस्थ, जीवंत और सक्रिय बनाए रखने के लिए खेलों को दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाना अत्यंत आवश्यक है।

2. वर्ष 2026 में युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार तथा फिट इंडिया अभियान के तत्वावधान में "खेलेगा भारत, जीतेगा भारत" थीम पर 28 से 30 अगस्त, 2026 तक तीन दिवसीय राष्ट्रव्यापी अभियान के माध्यम से राष्ट्रीय खेल दिवस 2026 मनाए जाने का प्रस्ताव किया है तथा इस वर्ष समारोह का मुख्य केंद्र बिंदु "एक घंटा खेल के मैदान में" रखा गया है, जिसके अंतर्गत राज्य/संघ प्रत्येक नागरिक (विशेषकर युवाओं और विद्यार्थियों) को कम से कम एक घंटे के लिए खेल के मैदान में खेलने हेतु प्रेरित किया जाना है।

3. माननीय कुलाधिपति महोदया जी की मंशा के अनुरूप, शैक्षणिक संस्थानों की इस जन–अभियान में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। अतः आपसे अनुरोध है कि अपने विश्वविद्यालयों/संस्थानों तथा उनसे संबद्ध महाविद्यालयों में निम्नलिखित दिशा–निर्देशों के अनुसार गतिविधियों का संचालन सुनिश्चित कराएं :–

3.1 परिसर में छात्रों, संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं (जैसे हॉकी, फुटबॉल, एथलेटिक्स, योग आदि) का आयोजन किया जाए।

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

3.2 28, 29 एवं 30 अगस्त को सभी छात्र–छात्राओं एवं शिक्षकों की खेल मैदान में न्यूनतम 1 घंटे की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

3.3 खेल भावना, स्वास्थ्य और फिट इंडिया के संदेश को फैलाने के लिए जागरूकता सत्र एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रमों का आयोजन हो।

4. अतएव इस संबंध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपर्युक्त प्रस्तर 3 के उप प्रस्तर 3.1 से 3.3 के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

संलग्नकः यथोपरि।

( डॉ. सुधीर एम. बोबडे )
भा.प्र.से.(से.नि.)
कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी
( अपर मुख्य सचिव स्तर )

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

1700
18-8-2026

2666
17/08/26


डॉ. मनसुख मांडविया
DR. MANSUKH MANDAVIYA

मंत्री
श्रम एवं रोजगार
तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल
भारत सरकार
Minister
Labour & Employment
and Youth Affairs & Sports
Government of India


जन भवन, उ० प्र०
17 AUG 2026
प्राप्त

PS to OSD (ACS Level)

समीक्षा अधिकारी

मा० रा० प०

राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश
संख्या 5140/जीएस
दिनांक 18/8/26

अ.शा.सं. 01/377/2026-एचओ-फिट इंडिया/524

12 AUG 2026

माननीय श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी,

जैसा कि आप अवगत होंगे, महान हॉकी खिलाड़ी **मेजर ध्यानचंद** जी की जयंती के उपलक्ष्य में तथा भारत की समृद्ध खेल विरासत का उत्सव मनाने के लिए प्रत्येक वर्ष 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस आयोजित किया जाता है। भारत को स्वस्थ, जीवंत और सक्रिय बनाए रखने के लिए खेलों को अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के तत्वावधान में फिट इंडिया अभियान द्वारा "खेलेगा भारत, जीतेगा भारत" विषयवस्तु पर 28 से 30 अगस्त, 2026 तक तीन दिवसीय राष्ट्रव्यापी अभियान के माध्यम से राष्ट्रीय खेल दिवस 2026 मनाए जाने का प्रस्ताव है। इस अभियान में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों, केंद्रीय मंत्रालयों, शैक्षणिक संस्थानों, खेल निकायों, कार्यस्थलों तथा जीवन के सभी क्षेत्रों के जुड़े नागरिकों की प्रतिभागिता की परिकल्पना की गई है।

इस वर्ष, राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह का केंद्र बिंदु "एक घंटा खेल के मैदान में" है, जिसके अंतर्गत प्रत्येक नागरिक कम से कम एक घंटे के लिए खेल के मैदान में खेलेगा। दिनांक 28, 29 और 30 अगस्त की कार्ययोजना के संबंध में विस्तृत पत्राचार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, खेल विभाग के सचिव की ओर से आपके राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के मुख्य सचिव को भेजा जाएगा।

राज्य विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति होने के नाते, मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि राष्ट्रीय खेल दिवस 2026 के समारोह का नेतृत्व करते हुए शैक्षणिक संस्थानों को इस उपलक्ष्य में गतिविधियों का आयोजन करने तथा खेल भावना और फिटनेस की भावना को अपनाने के लिए प्रेरित करें।

मुझे आशा है कि राष्ट्रीय खेल दिवस 2026 को राष्ट्रव्यापी रूप से सफल बनाने में, आप अपना बहुमूल्य नेतृत्व और सहयोग प्रदान करेंगे।

सादर,

आपका

(डॉ. मनसुख मांडविया)

श्रीमती आनंदीबेन पटेल
माननीय राज्यपाल, उत्तर प्रदेश
राजभवन
लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226027




Scanned with OKEN Scanner